कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-29.6.2024

विषयः- नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले मे वांछित अभियुक्त आशिक खाँ थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व मे थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-261/2024 धारा 376,506 भा0द0वि0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित नामजद अभियुक्त आशिक खाँ पुत्र स्व0 सलामत निवासी आयर बाजार थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को ईसाई बंग्ला सिन्धौरा रोड थाना शिवपुर से दिनांक-29.06.2024 को समय करीब 20.30 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 28.06.2024 को वादिनी मुकदमा/पीड़िता ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि मैं अपने नानी के गाँव आयर बाजार चोलापुर आती-जाती थी, उसी गाँव का रहने वाला लड़का आशीक खाँ पुत्र स्व० सलामत खाँ निवासी आयर बाजार थाना चोलापुर मेरा पीछा करता था, मुझसे छेड़खानी करता था। माँ के घर पर ना रहने पर मेरे घर आकर मुझे अपने बाइक पर बैठाकर फन्टैसिया वाटर पार्क के पास अन्धेरे में एक खाली प्लॉट में मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम किया, जब मैंने विरोध किया तो मेरा वीडियो और फोटो बनाकर मुझे धमकी दिया कि यदि किसी को बताया तो बदनाम कर दूंगा, मुझे इसी बात का डर दिखाकर ब्लैक मेल करके यहाँ वहाँ मिलने के लिए बुलाता है। दिनांक 24/06/24 को फिर से मुझे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संन्दहा चौबेपुर में ले जाकर होटल शिल्वेनिया पैलेस में ले जाकर फिर से मेरे साथ गलत काम किया और हमेश धमकी देता है कि यदि मेरी बात नहीं मानोगी तो तुम्हे बदनाम कर दूंगा और वीडियो वायरल करके तुम्हारी गंदी फोटो सबको दिखा दूंगा और दिनांक 24/06/2024 को उसने एक-एक गन्दी फोटो मेरे भाई के फोन पर भेजा, भाई के पूछने पर मैंने सब बातें माँ और भाई को बता दिया। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना शिवपुर में मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

आशिक खाँ पुत्र स्व0 सलामत निवासी आयर बाजार थाना चोलापुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- ईसाई बंग्ला सिन्धौरा रोड शिवपुर दिनांक 28.05.2024 समय 20.30 बजे।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 रविशंकर त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज कुमार शुक्ला थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 आशुतोष त्रिपाठी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अनूप कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 राजेश सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।